3.4.1, 3.4.3 and 3.4.4

# शासकीय दंतेश्वरी पी.जी.महिला महाविद्यालय , जगदलपुर

## जिलाः-बस्तर ,छत्तीसगढ़

सम्बद्धता : शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ,बस्तर, जगदलपुर

# नियमित गतिविधि वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र-2023-2024

कार्यक्रम अधिकारी

डॉ. प्रिन्सी दुग्गा

प्राचार्य

PRINCIPAL


डॉ. अनामिका झा

Govt. Danteshwari Mahila Mahavidyalaya
JAGDALPUR

## योगदिवस पूर्व योगाभ्यास


दिनांक 20 जून 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को योग के महत्व से परिचित कराना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।योगाभ्यास सत्र में कुल 24 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 21 जून 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "एक विश्व, एक स्वास्थ्य" थीम पर आधारित एक ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की 52 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग दिवस के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।






## हर घर ध्यान कार्यक्रम

दिनांक 07 अगस्त 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में "हर घर ध्यान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्राओं को ध्यान और आत्म-जागरूकता के अभ्यास के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ध्यान के महत्व और इसके नियमित अभ्यास के लाभों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में 105 छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।




## नवाचार कार्यक्रम

दिनांक 07 अगस्त 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में "नवाचार कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण नवाचारों के माध्यम से आत्मनिर्भरता को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया गया और छात्राओं को इन नवाचारों से प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे नवाचारों के बारे में जागरूक करना था, ताकि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकें। इस कार्यक्रम में 105 छात्राओं ने भाग लिया ।



## स्वतंत्रता दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

दिनांक 15 अगस्त 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर "मोर माटी मोर देश" अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।स्वतंत्रता दिवस के समारोह में जहां राष्ट्रध्वज फहराया गया, वहीं वृक्षारोपण के द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में 35 छात्राएं, महाविद्यालय के कर्मचारी गण, प्राध्यापक गण एवं प्राचार्य डॉ. अनामिका झा उपस्थित रहे।




## संगोष्ठी

दिनांक 17 अगस्त 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक था "आनंदमयी सार्थक विद्यार्थी जीवन"। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री राधिका सिकरवार रहीं, जिन्होंने विद्यार्थी जीवन के महत्व और उसे आनंदमयी और सार्थक बनाने के तरीकों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर सही मार्गदर्शन और ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। इस संगोष्ठी में 33 छात्राओं ने भाग लिया ।



## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 25/08/23 को **स्वीप**(SWEEP) और **राष्ट्रीय सेवा योजना** (NSS) इकाई के संयुक्त तत्वाधान में **मतदाता जागरूकता कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके **मताधिकारों** के प्रति जागरूक करना और देश के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें यह समझाया गया कि एक मतदाता के रूप में उनकी भूमिका लोकतंत्र को सशक्त बनाने में कितनी अहम है। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से मतदान करने की **शपथ** दिलाई गई।









## विश्व हिंदी दिवस


दिनांक 14 सितंबर 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शीर्षक था "वैश्विक भाषा के बीच हिंदी"। प्रतियोगिता में 19 छात्राओं ने भाग लिया और हिंदी भाषा की वैश्विक पहचान और महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता फैलाना और उसकी वैश्विक स्तर पर अहम भूमिका को उजागर करना था।



## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

दिनांक 23 सितंबर 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक खेलों जैसे पैदल चल, रूमाल झपट्टा, कितने भाई कितने, इत्यादि का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाना और छात्राओं को पारंपरिक खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में 71 छात्राएं उपस्थित रहीं और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।




## स्वच्छता कार्यक्रम

दिनांक 27 सितंबर 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में 81 एनएसएस छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विभिन्न गतिविधियों में अपना योगदान दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।






## राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम

दिनांक 28 सितंबर 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मिलेट्स से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में मिलेट्स से मिलने वाले पोषण और इसके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई और गृह विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। प्रदर्शनी में मिलेट्स से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम में 51 छात्राएं उपस्थित रहीं ।







## गांधी जयंती कार्यक्रम

दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती के अवसर पर "1 तारीख, 1 घंटा" अभियान के तहत शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं और प्राध्यापकों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में सफाई की और वृक्षारोपण किया।इस अभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी जी के स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के विचारों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में 25 छात्राएं उपस्थित रहीं और उन्होंने श्रमदान के माध्यम से महाविद्यालय को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दिया।






## करियर गाइडेंस कार्यक्रम


दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में कैरियर गाइडेंस सेल और राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा करियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों और उनकी तैयारी के बारे में जागरूक करना था।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण और छात्राएं उपस्थित रही। विशेषज्ञों ने विभिन्न करियर क्षेत्रों में संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कुल 82 छात्राएं उपस्थित रही।




## विश्व एड्स दिवस

दिनांक 01/12/2023 को महाविद्यालय परिसर में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। एड्स दिवस कार्यक्रम के तहत रंगोली पेंटिंग भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई साथ ही साथ व्याख्यान आयोजित की गई। जिसके मुख्य वक्ता श्री मुकुंद दीवान एवं डॉक्टर सी आर मैत्री जिला प्रतिरक्षण अधिकारी रहे। विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गयी।इस कार्यक्रम में 61 छात्राएं उपस्थित रही।



## विकसित भारत @ 2047 का शुभारंभ कार्यक्रम

दिनांक 11/12/2023 को विकसित भारत @2047 का शुभारंभ कार्यक्रम का प्रसारण महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया ।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 51 छात्राओं ने अपना योगदान दिया।








## ऊर्जा संरक्षण दिवस


दिनांक 14/12/2023 को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर श्री अनुपम मिश्रा (सहायक अभियंता, क्रेडा) ने ऊर्जा संरक्षण पर व्याख्यान दिया ।उन्होंने ऊर्जा संरक्षण करने के उपाय भी छात्राओं को बताएं ।ऊर्जा संरक्षण दिवस पर पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए । कार्यक्रम में प्राचार्य समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया इस कार्यक्रम में 88 छात्राएं उपस्थित रही।



## आइडिया फॉर विकसित भारत रैली

दिनांक 22.12.2023 को आइडिया फॉर विकसित भारत जागरूकता रैली का आयोजन महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एवं शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से धरमपुरा नंबर एक तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को सफल बनाने में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की 30 छात्राओं ने अपना योगदान दिया।




## महिला उत्पीड़न जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 30/ 12 /2023 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय की व्याख्यान कक्ष में श्रीमती रेखा पारेया के द्वारा महिला उत्पीड़न पर व्याख्यान दिया गया। इसके पश्चात श्रीमती वीनू हिरवानी (संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग) द्वारा लैंगिक उत्पीड़न पर विस्तृत जानकारी दी गई ।इस कार्यक्रम में 61 छात्राएं उपस्थित रही।



## युवा दिवस

दिनांक 12 /01/ 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसकार्यक्रम में 55 छात्राएं उपस्थित रही।




## स्वच्छता कार्यक्रम

दिनांक 20/01/2024 को महाविद्यालय की परिसर की स्वच्छता का कार्यक्रम रखा गया जिसमें एनएसएस की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर के साफ-सफाई की गई उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्र सेवा योजना की 25 छात्राओं ने अपना योगदान दिया।



## मैदान की सफाई

दिनांक 20 जनवरी 2024 को शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में वार्षिक खेल उत्सव के पूर्व एनएसएस की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के खेल मैदान की सफाई की गई। इस सफाई अभियान का उद्देश्य खेल उत्सव के आयोजन से पूर्व मैदान को साफ और व्यवस्थित रखना था।इस कार्यक्रम में 25 एनएसएस छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और खेल मैदान को साफ किया।




PRINCIPAL
Govt. Danteshwari P.G. Mahila Mahavidyalaya
JAGDALPUR